# 106496 - डॉक्टरों ने उसे कभी भी रोज़ा न रखने के लिए कहा, फिर वह पाँच साल बाद ठीक हो गया

## प्रश्न

एक व्यक्ति किसी पुरानी बीमारी से पीड़ित था और डॉक्टरों ने उसे कभी भी रोज़ा न रखने की सलाह दी। लेकिन वह दूसरे देश में अन्य डॉक्टरों के पास गया और अल्लाह की अनुमति से पाँच साल बाद ठीक हो गया। उसपर पाँच रमज़ान बीत चुके हैं जिनके उसने रोज़े नहीं रखे हैं। अब अल्लाह ने उसे स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया है, तो वह क्या करे ? क्या वह इन रोज़ों की क़ज़ा करे या नहीं ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“यदि उसे यह सलाह देने वाले डॉक्टर भरोसेमंद मुसलमान थे, जो इस बीमारी की प्रकृति को जानते थे, और उन्होंने उससे कहा कि उसके ठीक होने की कोई आशा नहीं है, तो उसपर रोज़े की क़ज़ा करना अनिवार्य नहीं है और उसके लिए ग़रीबों को खाना खिलाना काफ़ी है। उसे अब भविष्य में रोज़ा रखना चाहिए।” उद्धरण समाप्त हुआ।

आदरणीय शैख अब्दुल-अज़ीज़ बिन बाज़ रहिमहुल्लाह

“मजमूओ फ़तावा व मक़ालात मुतनौविअह” (15/354, 355)